आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 17.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— इस बार लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में दो करोड़ पांच लाख तेरह हजार से अधिक मतदाता कर सकेंगे मतदान—चौबीस हजार दो सौ उनतीस मतदान केन्द्र बनाए गए।

2— महादेव सट्टा ऐप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री सहित इक्कीस लोगों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफ.आई.आर.— भूपेश बघेल ने कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध के चलते दर्ज की गई है एफ.आई.आर.।

3— कांकेर जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक इनामी माओवादी को मार गिराने में सफलता हासिल की।

4— बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के कुछ स्थानों में गरज—चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना—कुछ जगहों पर गिर सकते हैं ओले।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी—पत्रकारवार्ता—01

इस बार के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में दो करोड़ पांच लाख तेरह हजार से अधिक मतदाता भाग लेंगे। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज रायपुर में पत्रकारवार्ता में बताया कि इनमें से एक करोड़ एक लाख अस्सी हजार चार सौ पांच पुरूष मतदाता और एक करोड़ तीन लाख बत्तीस हजार एक सौ पन्द्रह महिला मतदाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सेवा मतदाताओं की संख्या उन्नीस हजार नौ सौ पांच है। जबकि एक लाख इंक्यानवे हजार छह सौ अड़तीस दिव्यांग मतदाता है। इसके अलावा सात सौ बत्तीस तृतीय लिंग के और सत्रह प्रवासी भारतीय मतदाता पंजीकृत है। श्रीमती कंगाले ने बताया कि राज्य में पचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या बयासी हजार चार सौ छिहत्तर है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव की ग्यारह सीटों के लिए चौबीस हजार दो सौ उनतीस मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता सहायता केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। वहीं, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के तहत दस संगवारी मतदान केन्द्र होंगे, जो महिला मतदान दल द्वारा संचालित होंगे। साथ ही पांच आदर्श मतदान केन्द्र भी बनाए जाएंगे। इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा में एक दिव्यांग मतदान केन्द्र और एक युवा संचालित मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। सभी मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता मित्र होंगे। उन्होंने बताया कि एक मतदान केन्द्र में अधिकतम पन्द्रह सौ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी—पत्रकारवार्ता—02

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य के पचास प्रतिशत मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस को लाईव वेबकास्टिंग भी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पचासी वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्ध और चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता तथा कोविड के संदिग्ध अथवा संक्रमित मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से घर बैठे ही मतदान कर सकते हैं। इसके लिए इन्हें निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। चुनाव ड्यूटी में तैनात मतदाताओं को भी डाक मतपत्र से वोट देने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा निर्वाचन कर्मियों को अपनी ही लोकसभा में कार्यरत् है, उन्हें निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, जिससे वे अपने लोकसभा के किसी भी मतदान केन्द्र में मतदान कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदधिकारी ने बताया कि मतदाता वोट डालने के लिए मतदाता पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की पासबुक, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, स्मार्ट कार्ड और भारतीय पासपोर्ट में से कोई एक पहचान पत्र मतदान केन्द्र में प्रस्तुत कर सकते हैं।

गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में लोकसभा चुनाव की घोषणा कल कर दी है। छत्तीसगढ़ की ग्यारह सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को बस्तर सीट पर वोट डाले जाएंगे। इसके बाद छब्बीस अप्रैल को दूसरे चरण में तीन सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में, वहीं, सात मई को तीसरे और अंतिम चरण में सात सीटों सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर के लिए मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।

ईओडब्ल्यू–एफ.आई.आर.

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने महादेव सट्टा ऐप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित उन्नीस लोगों के खिलाफ नामजद एफ.आई.आर. दर्ज की है। इसके अलावा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। ई.ओ.डब्ल्यू. ने प्रवर्तन निदेशालय–ईडी के दिए आवेदन पत्र पर बीते चार मार्च को अपराध दर्ज किया है।

एफ.आई.आर. के अनुसार महादेव बुक ऐप के प्रमोटर द्वारा ऑनलाइन बैटिंग से मिली अवैध राशि को कई कंपनियों, शैल कंपनियों और शेयर मार्केट में निवेश किया गया। प्रमोटर्स ने अपने अपराध को छुपाने के लिए विभिन्न पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के अलावा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया, जिसके एवज में उन्हें नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गई। इस राशि के व्यवस्था और वितरण के लिए हवाला ऑपरेटरों के साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का भी उपयोग किया गया। विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक और प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर अवैध संपत्ति अर्जित की गई है। इस संबंध में ईओडब्ल्यू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, रवि उप्पल, शुभम सोनी, चन्द्रभूषण वर्मा, असीम दास, सतीश चन्द्राकर, सौरभ चन्द्राकर सहित इक्कीस लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, जालसाजी सहित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगाव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि उनके खिलाफ एफ.आई.आर. राजनीतिक प्रतिशोध के चलते दर्ज की गई है। आज रायपुर में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महादेव सट्टा ऐप के आरोपियों पर सबसे ज्यादा कार्रवाई उनकी सरकार के कार्यकाल में ही की गई है। श्री बघेल ने कहा कि वे इस मामले को लेकर जनता की अदालत में जाएंगे।

आदर्श आचार संहिता

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर ने आगामी दो माह के लिए धारा एक सौ चवालीस लागू कर दी है। साथ ही बिना अनुमति के धरना, जुलूस, सभा अथवा रैली के प्रदर्शन पर रोक लगा दी है। इसके अलावा अधिकारियों–कर्मचारियों के अवकाश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस दौरान अधिकारियों–कर्मचारियों को मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा रात दस बजे से सुबह छह बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। आदर्श आचार संहिता के दौरान लोकसभा प्रत्याशियों द्वारा शासकीय संपत्ति के विरूपण पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न हो। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों ने

सीमित अवधि के लिए वैध आग्नेय शस्त्रधारियों को अपने हथियार अपने क्षेत्र के थानों में जमा करने को कहा है। इस निर्देश से बैंक के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ और जिला रायफल संघ मुक्त रहेंगे।

मतदाता जागरूकता

राजनांदगांव जिले में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में दिग्विजय महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने अट्‌ठारह वर्ष और उससे अधिक उम्र की छात्र–छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता के संबंध में आकर्षक रंगोली भी बनाई गई।

हाथी हमला–मौत

जशपुर जिले में हाथी के हमले में एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के बगीचा तहसील के पसिया गांव में हाथियों ने राहगीरों पर हमला कर दिया। इस दौरान एक युवक की मौत हो गई। वहीं, दो युवकों ने भागकर अपनी जान बचाई।

इस बीच, हाथियों के लगातार हमले से परेशान ग्रामीणों ने घटना के बाद बगीचा थाना पहुंचकर सुरक्षा और मुआवजे की मांग की।

गौरतलब है कि जिले के बगीचा, पत्थलगांव और तपकरा क्षेत्र में जंगली हाथियों ने एक सप्ताह के भीतर आठ घरों को नुकसान पहुंचाया है।

माओवादी–मुठभेड़

कांकेर जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक इनामी माओवादी को मार गिराने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ का संयुक्त दल जिले के कोयलीबेड़ा इलाके और नारायणपुर जिले के गोमे, गट्‌टाकाल, आलपरस और काकनार क्षेत्र में तलाशी अभियान पर निकला था। इस दौरान अचानक माओवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक वर्दीधारी इनामी माओवादी मारा गया। बाद में सुरक्षा बल की टीम ने घटनास्थल से इनामी माओवादी का शव, एक देशीलांचर, नौ बीजीएल सेल, बारह कारतूस, एक वॉकीटॉकी सहित भारी मात्रा में माओवादी साहित्य बरामद किया है।

मौसम

प्रदेश के बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के कुछ स्थानों में दिनभर बादल छाए रहने के बाद आज रात को गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, एक–दो जिलों में अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओले गिरने के असार है।

वहीं, कल अट्‌ठारह मार्च को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। जबकि सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कुछ क्षेत्रों में अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने के भी आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण मौसम का मिजाज बदल सकता है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी–यूजी परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पन्द्रह मई से इकतीस मई के बीच आयोजित करायेगी।

– जांजगीर–चांपा जिले के अकलतरा में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लोकसभा प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े उपस्थित थे।

– एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए अट्ठारह अप्रैल तक आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>